:– प्रेस नोटः–

प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2024 का परीक्षा परिणाम अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन द्वारा अनुमोदनोपरांत दिनांक 03–10–2024 को घोषित किया गया है।

परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट होने पर छात्र/छात्राओं की शिकायतों के समाधान हेतु श्री आशीष पटेल, माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में दिनांक 09–10–2024 को श्री अविनाश कृष्ण सिंह, महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी, जिसमें सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श कर निम्नवत् निर्णय लिये गये–

1. छात्रहित के दृष्टिगत परिषद द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के निःशुल्क अवलोकन हेतु परिषद के पोर्टल www.bteup.ac.in पर उपलब्ध कराया जा रहा है। समस्त इच्छुक छात्र/छात्राएं दिनांक 16–10–2024 से 19–10–2024 के सांय 5.00 बजे तक अपनी–अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन कर सकते हैं। इस हेतु उन्हें परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध E-SERVICES (JANHIT) के माध्यम से दिनांक 11–10–2024 से 14–10–2024 के सांय 5.00 बजे तक रजिस्ट्रेशन करना होगा।
2. उत्तरपुस्तिकाओं के अवलोकनोपरांत यदि छात्र/छात्रा को ऐसा प्रतीत होता है कि मूल्यांकन में अनियमितता बरती गयी है तो वह इस संबंध में उच्चाधिकारियों से शिकायत कर उसका निराकरण प्राप्त कर सकता है।
3. ऐसे छात्र/छात्राएं जो अपने मूल्यांकन अंक से असंतुष्ट हैं, वे पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। छात्रहित में पुनर्मूल्यांकन शुल्क को घटाकर आधा कर दिया गया है तथा पूर्व में जमा किये गये अधिक शुल्क को छात्र/छात्राओं को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया है।
4. पुनर्मूल्यांकन आवेदन संबंधी विस्तृत विवरण छात्र/छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध है।

बैठक में श्री अन्नावि दिनेशकुमार, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा/विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, श्री एफ0आर0 खान, निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 कानपुर, श्री विजय पाल सिंह, संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षेत्र एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

Scanned with CamScanner